## खबर संक्षेप



### खेलों में प्रतिभागियों ने दिखाई ऊर्जा और उत्साह

**करनाल।** कर्ण स्टेडियम में आयोजित फिट इंडिया कार्निवाल 2026 के दूसरे दिन 'संडे ऑन साइक्लिंग' के साथ शुरुआत हुई। सुबह से ही प्रतिभागियों में फिटनेस के प्रति उत्साह देखने को मिला। जिला खेल अधिकारी राजबीर रंगा ने बताया कि कार्यक्रम में साइक्लिंग, जुम्बा, बॉक्सिंग, रेसलिंग, एथलेटिक्स और रस्साकशी जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने इन स्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पूरे स्टेडियम में सकारात्मक ऊर्जा का माहौल बना रहा। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

### 26 को किसानों-मजदूरों की मांगों पर सेमिनार



**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने बताया कि 26 मार्च को किसान भवन चंडीगढ़ में सेमिनार आयोजित किया जाएगा। सेमिनार में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, एमएसपी गारंटी कानून, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें, कर्ज माफी, बिजली संशोधन बिल 2025 और सीड्स बिल 2025 जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चे की ऑनलाइन मीटिंग में मनदीप सिंह नथवान, लखविंदर औलख, अमरजीत मोहड़ी, जगदीप औलख, बहादुर मैहला बलड़ी, प्रिंस वैड़च, जगबीर घसौला व संदीप सिवांच शामिल रहे।

### कृष्ण बने मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान



**करनाल।** करनाल सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन की बैठक नई सब्जी मंडी परिसर में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से कृष्ण सचदेवा को प्रधान तथा अवतार सिंह तारी को अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर सब्जी मंडी के सभी आढ़ती मौजूद रहे। अन्य पदाधिकारियों में कपिल शर्मा तथा नरेंद्र कुमार को उप प्रधान, नाथी राम को महासचिव, प्रमोद बजाज को सचिव, दलविंदर सिंह को कोषाध्यक्ष, जतिंद्र मलिक को मुख्य सलाहकार तथा गगन ढींगड़ा को सलाहकार निर्वाचित किया गया। सभी आढ़तियों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पहार से स्वागत किया। प्रधान कृष्ण सचदेवा तथा अध्यक्ष अवतार सिंह तारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता आढ़तियों को एकजुट रखना और उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन सरकार और आढ़तियों के बीच एक सेतु का काम करेगी।

प्रेम कौर कल्याण की स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह

# मां के संस्कार जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : नायब सिंह सैनी

■ कई राजनेताओं, सामाजिक संस्थाओं और गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मां ऐसा शब्द है जिसकी पूर्ति नहीं हो सकती। मां एक संत नहीं बल्कि पूरी दुनिया होती है, जो बिन मांगे सब कुछ देती है। वे मधुबन के समीप कल्याण फार्म स्थित स्कूल परिसर में आयोजित स्वर्गीय प्रेम कौर कल्याण की स्मृति एवं श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्व. प्रेम कौर कल्याण के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रेम कौर कल्याण का जीवन प्रेम, त्याग और तपस्या से भरा रहा है और उन्होंने परिवार को उच्च संस्कार दिए। उन्होंने कहा कि हरविन्द्र कल्याण ने मां के संस्कारों को आगे बढ़ाया है और उनकी तपस्या के कारण पूरा परिवार प्रगति कर रहा है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि माता-पिता का रिश्ता जीवन में सर्वोच्च होता है। उन्होंने कहा कि माता जी ने जीवन में अच्छाई-बुराई का अंतर समझाया और हमेशा प्रेम, संयम और संस्कारों का मार्ग दिखाया।



**करनाल।** विस अध्यक्ष की माता स्वर्गीय प्रेम कौर कल्याण की स्मृति एवं श्रद्धांजलि समारोह में सीएम नायब सैनी व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर स्व. प्रेम कौर कल्याण को श्रद्धांजलि देने वालों में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह,मुख्य सचेतक रामकुमार कश्यप,विधायक जगमोहन आनंद, विधायक योगेंद्र राणा, भगवानदास कबीरपंथी, प्रमोद विज, चंद्रमोहन बिश्नोई, आईपीएस आलोक मित्तल, एडीजीपी डॉ. रवि किरण, एचसीएस गौरव कुमार, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीण लाठर, पूर्व मंत्री शशि पाल मेहता, कंवरपाल गुर्जर, सुभाष सुधा, पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, पूर्व वीसी राधेश्याम शर्मा, पानीपत के जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पूर्व विधायक बिशन लाल सैनी, रमेश कश्यप, प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा (प्रदेश कार्यसमिति सदस्य), आजाद सिंह नेहरा , घरौंडा पालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, जिला भाजपा प्रभारी भारत भूषण जुआल, हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक वीरेंद्र चौहान, रोहित भंडारी, वरिष्ठ भाजपा नेता बृज गुप्ता, स्वामी संपूर्णानंद सरस्वती, विधानसभा सचिव राजीव प्रसाद, वीरेश शांडिल्य, सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों से जुड़े अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

### मां पूरे परिवार की आधारशिलाः देवव्रत

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि पूज्य माता जी सरल, सहज और संस्कारी व्यक्तित्व की धनी थीं, जिन्होंने पूरे परिवार को संस्कारित किया।

## मेले के दौरान मां भगवती की चौकी, भजन संध्या व भंडारा



**तरावड़ी।** मां जगदम्बा मंदिर में पूजा-अर्चना करते कमेटी के सदस्य।

■ मां जगदम्बा मंदिर में 62वें विशाल मेले का आयोजन

**तरावड़ी।** शहर के ऐतिहासिक मां जगदम्बा मंदिर रेलवे रोड स्थित में हर वर्ष की भांति नवरात्रि के पावन अवसर पर चौदस पर 62वें विशाल मेले व माता की चौकी का आयोजन किया जा रहा है।

इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। मेले के दौरान मां भगवती की भव्य चौकी, भजन संध्या और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मन्दिर में सजावट का कार्य शुरू हो चुका है जोकि देखने योग्य होगी। मन्दिर कमेटी के अनुसार कार्यक्रम में 31 मार्च को रात्रि 8:00 बजे माता की चौकी का आयोजन होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध टीवी कलाकार रैम्पी साज (दिल्ली) महामाई का गुणगान करेंगे। वहीं बुधवार 1 अप्रैल को भजन कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध कलाकार अविनाश जोहर (यमुनानगर), हरियाणवी गायक रोहित हरियाणवी तथा निशा जांगड़ा (सोनीपत) अपनी मधुर आवाज से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगी। इस अवसर पर माता की सुंदर-सुंदर झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी, जो आकर्षण का केंद्र रहेंगी। साथ ही माता का विशाल भंडारा दोपहर 12:00 बजे से प्रारंभ होगा। जगदंबा परिवार की ओर से लोगों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें।

## जल संरक्षण की दिलाई शपथ महिलाओं की भूमिका पर जोर

■ महिलाएं आगे आकर लें जल संरक्षण का संकल्प : नेहा शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी



जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के तत्वाधान में कार्यकारी अभियंता अभिषेक शेर के मार्गदर्शन में चल रहे जल महोत्सव पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व जल दिवस पर नीलोखेड़ी में स्वयं सहायता समूह महिलाओं की पेयजल में महत्वपूर्ण भूमिका पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की वासो टीम से जिला सलाहकार नेहा शर्मा रही, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नीलोखेड़ी के खंड संयोजक कुलभूषण शर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिला रीटा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पेयजल संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिला सलाहकार नेहा शर्मा ने कहा कि जल संरक्षण व पेयजल आपूर्ति के कार्य में महिलाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि जल प्रबंधन में महिलाओं की भागीदारी को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा पेयजल प्रबंधन की जिम्मेदारी ग्रामीण समुदाय को सौंपना एक सराहनीय पहल है। खंड समन्वयक कुलभूषण शर्मा ने कहा कि प्रत्येक गांव में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने जल संरक्षण अभियान में ग्रामीणों और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया।

### झुग्गी में युवक का शव मिलने से सनसनी

**करनाल।** करनाल के सेक्टर-32 स्थित झुग्गियों में एक युवक का शव फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि रात के समय पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद पत्नी बच्चों को लेकर घर छोड़कर चली गई थी।

सुबह जब पत्नी वापस लौटी तो झुग्गी का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक खटखटाने के बावजूद अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद आसपास के लोगों को बुलाया गया और उनकी मदद से दरवाजा खोला गया। अंदर युवक फंदे से लटका हुआ मिला, जिसकी मौत हो चुकी थी।

मृतक की पहचान 24 वर्षीय अमरजीत के रूप में हुई है, जो सेक्टर-32 की झुग्गियों में रहता था और दो बच्चों का पिता था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

एकजुटता से बनी एक एसोसिएशन

## शमशेर सिंह दाबड़ा सर्वसम्मति से बने निगदू अनाज मंडी प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निगदू

निगदू अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसके लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता पूर्व मार्किट कमेटी चेयरमैन जयपाल सांवत ने की।

नई कार्यकारिणी में शमशेर सिंह दाबड़ा को प्रधान, लक्ष्मण शर्मा को उप प्रधान, प्रवीन गर्ग उर्फ बिन्नी को सचिव तथा राज अरोड़ा को कैशियर चुना गया। इसके अलावा सचिन कंबोज, रोहताश, शमशेर शर्मा, राजबीर टाया, रघुबीर सिंह कैरा, रघबीर सिंह और प्रवीन को सदस्य बनाया गया।

नवनियुक्त कार्यकारिणी का आढ़तियों द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और मिठाई खिलाकर खुशी जताई गई। मार्किट कमेटी के वाइस चेयरमैन लाला श्रीचंद गुप्ता ने कहा कि पहले मंडी में दो एसोसिएशन होने से कामकाज प्रभावित होता था, लेकिन अब सभी व्यापारियों ने मिलकर एक एसोसिएशन बनाई है। इससे प्रशासन में सुनवाई बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि शमशेर सिंह दाबड़ा का पूर्व कार्यकाल भी प्रभावशाली रहा है।

प्रधान शमशेर सिंह दाबड़ा ने कहा कि मंडी में पारदर्शिता, समय पर फसल उठान और भुगतान सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों और मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस मौके पर राजबीर सागवाल, प्रेम सचदेवा, सुरेंद्र मेहला, बलदेव छाबड़ा, सुन्दर लाल गुप्ता, देशराज आहूजा, विनोद गुप्ता, अर्पण गुप्ता, सुभाष चुचरा सहित अन्य आढ़ती मौजूद रहे।



**निगदू।** शमशेर सिंह दाबड़ा को मंडी प्रधान बनने पर सम्मानित करते आढ़ती।

## श्रीराम का जीवन सत्य, मर्यादा और त्याग का प्रतीक : हरिहर

■ राम कथा के तीसरे दिन भक्ति भाव से गूंजा पंडाल, श्रद्धालु झूमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नव रात्रि महोत्सव के अंतर्गत श्री सनातन धर्म मंदिर सभा, राम नगर में आयोजित राम कथा के तीसरे दिन प्रख्यात भागवताचार्य हरिहर मुद्गल जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन सत्य, मर्यादा और त्याग का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने अपने जीवन में हर परिस्थिति में धर्म का पालन कर मानव समाज को आदर्श मार्ग दिखाया। महाराज ने कहा कि आज के समय में भी यदि व्यक्ति श्रीराम के आदर्शों को अपनाए तो उसका जीवन सुखमय और सफल हो सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को सत्य के मार्ग पर चलने और अपने वचनों का पालन करने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान भजन-कीर्तन पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पंडाल राम नाम के जयकारों से गूंजता रहा। वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा का श्रवण करते रहे। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों के अनुसार, नव रात्रि महोत्सव के तहत प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

### गीता बदलती है जीवन जीने का दृष्टिकोण

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि गीता जीवन जीने के दृष्टिकोण में न केवल बदलाव करती है, बल्कि मनुष्य को कर्म करने की ओर प्रेरित करती है। कर्म करना ही मनुष्य का दायित्व है। जीओ गीता संस्थान की ओर से गीता प्रवाह की जो मुहिम शुरू की गई है, उससे आमजन में गीता के प्रति जुड़ाव बढ़ रहा है। गीता मनीषी ने उद्बोधन गीता अध्ययन एवं शोध केंद्र की ओर से आयोजित मासिक गीता प्रवाह संगोष्ठी को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिया। गीता के बिना जीवन अधूरा है। गीता हर अवस्था में मनुष्य को सच्चाई, न्याय और सत्य का मार्ग दिखाता है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर तेजिंद्र शर्मा मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे।

## रोहित के शतकीय प्रहार से मीडिया क्लब की जीत

■ यूथ क्रिकेट क्लब को 78 रनों से हराकर पाई दूसरी बार विजय

**करनाल।** मीडिया क्लब करनाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूथ क्रिकेट क्लब की टीम को 78 रनों से पराजित कर लगातार दूसरी जीत हासिल की। यह मुकाबला करनाल के नूर महल के पीछे स्थित श्री बालाजी क्रिकेट एकेडमी के मैदान में खेला गया।

ट्वेंटी-ट्वेंटी मुकाबले में मीडिया क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 201 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में यूथ क्रिकेट क्लब की टीम 20 ओवर में 123 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और मीडिया क्लब ने मैच अपने नाम कर लिया। मीडिया क्लब की ओर से रोहित मेहता ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 61 गेंदों में 6 चौके और 6 छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन बनाए और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। दक्ष ने भी 24 गेंदों में 39 रन बनाकर अहम योगदान दिया। गेंदबाजी में गोपाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 ओवर में मात्र 7 रन देकर 2 विकेट हासिल किए और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। वहीं हरसिमरन वधवा ने 3 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट झटके।

यूथ क्रिकेट क्लब की ओर से लक्की ने 31 गेंदों में 28 रन बनाए, जबकि अशोक दलाल ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिए।

## न्यूज डायरी

### बलिदान दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया



**करनाल।** आर्य केंद्रीय सभा करनाल के तत्वावधान में आर्य समाज प्रेम नगर द्वारा वार्षिकोत्सव एवं बलिदान दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 11 कुंडी यज्ञ से हुई, जिसे आचार्य अनुज शास्त्री, पंडित शिव प्रसाद, निर्मल शास्त्री, राजीव आर्य व धर्म प्रकाश शास्त्री ने संपन्न कराया। भजनोपदेशक मुकेश शास्त्री ने भजनों से वातावरण भक्तिमय बना दिया। मुख्य अतिथि विधायक जगमोहन आनंद ने शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम अध्यक्ष शांति प्रकाश आर्य ने कविता प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि राजेश अघी, हरजीत सिंह संधू व एस पी चौहान ने भी अपने विचार रखे। सायंकालीन सत्र में मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ. मंजूषा खुराना ने की। मुख्य अतिथि मेजर अनीता जुन, विशिष्ट अतिथि शिखा डूडेजा और हरप्रीत कौर रहीं। मंच संचालन सीमा खुराना ने किया। इस अवसर पर मोहित सचदेवा, संजय आर्य, सत्यपाल नागपाल, शमशेर शास्त्री, रहतू लाल, शेर सिंह आर्य, रंजीत सोनी, सुनीता डुडेजा, दिव्या ढांढ, कंचन आर्या, सुमित्रा कुकरेजा, कौशल सचदेवा, प्रिया आर्या, गरिमा आर्या, कमलेश आर्या व सावित्री आर्या सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

### खुले नालों से बच्चों व मवेशियों को बढ़ा खतरा



**तरावड़ी।** तरावड़ी शहर में नगर पालिका द्वारा करवाई गई नालों की सफाई लोगों के लिए राहत की बजाय परेशानी का कारण बनती जा रही है। सफाई कर्मचारियों द्वारा नालों की सफाई के दौरान उन पर रखे स्लैब (ढक्कन) को तो हटा दिया जाता है, लेकिन सफाई के बाद उन्हें दोबारा लगाने की जरूरत नहीं समझी जा रही। इससे शहर में कई स्थानों पर खुले नाले हादसों को न्योता दे रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार शहर के कई इलाकों, विशेषकर स्कूलों के आसपास के नालों के स्लैब हटाकर दोबारा नहीं लगाए गए हैं। इस लापरवाही के चलते अब तक कई दोपहिया वाहन चालक इन खुले नालों में गिर चुके हैं। इतना ही नहीं, स्कूल जाने वाले बच्चे भी एक-दो बार इन हादसों का शिकार हो चुके हैं, जिससे अभिभावकों में भी चिंता बनी हुई है। आसपास के रहने वाले राजकुमार गाबा, जतिन कुमार, नवीन कुमार, तरुण कुमार, भीमसेन का कहना कि लगभग दो माह पहले इन नालों को सफाई के लिये स्लैबों को उठाया गया था लेकिन आजतक वहां स्लैब दुबारा नही रखें गये। कई को नगरपालिका के कर्मचारियों को कहा गया है। आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। दयाराम मंदिर के पीछे वाली गली में भी नालों के स्लैब हटाकर छोड़ दिए गए हैं। कई जगहों पर नालों की पूरी तरह सफाई भी नहीं की गई, लेकिन स्लैब हटे होने से गली वासियों को रोजाना खतरे का सामना करना पड़ रहा है।

सुबह 4 बजे से लग रही गैस एजेंसियों के सामने लंबी लाइनें

# गैस सिलेंडर की किल्लत से आमजन बेहाल

■ गैस आपूर्ति को नियमित किए जाने की प्रशासन से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



**करनाल।** गैस एजेन्सी के बाहर ग्राहकों की गैस लेने की लाइन मे लगे पुरुष महिलाएं।

शहर में रसोई गैस सिलेंडर की भारी किल्लत के चलते आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हालत यह है कि लोग सुबह 4 बजे से ही गैस एजेंसियों के बाहर लाइन में लगना शुरू कर देते हैं, लेकिन इसके बावजूद भी कई लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। उपभोक्ताओं का कहना है कि पिछले कई दिनों से गैस की कमी बनी हुई है, जिसके चलते एजेंसियों पर भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। कई लोगों को गैस बुकिंग के मैसेज मिलने के बाद भी सिलेंडर नहीं दिया जा रहा, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। प्रदीप, रविता, कमलेश, गुलाब सिंह और पिंकी रानी सहित अनेक उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने 15 से 20 दिन पहले गैस सिलेंडर की बुकिंग करवाई थी, लेकिन आज तक डिलीवरी नहीं हो पाई। उनका कहना है कि हर रोज एजेंसी के चक्कर काटने के बावजूद उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। उपभोक्ता गुलाब सिंह ने बताया कि वह पिछले तीन दिनों से लगातार सिलेंडर लेने के लिए आ रहे हैं, लेकिन हर बार यही जवाब मिलता है कि गैस खत्म हो चुकी है, जबकि उनकी बुकिंग को 20 दिन से अधिक समय हो चुका है। गैस संकट का असर अब छोटे-बड़े व्यापारियों पर भी साफ नजर आने लगा है। होटल और रेस्टोरेंट संचालकों के साथ-साथ हलवाइयों ने बताया कि गैस की बढ़ती कीमत और कमी के कारण उन्हें अपने कैटरिंग मेन्यू में कटौती करनी पड़ी है। वहीं, अनाज मंडी क्षेत्र में कई चाय विक्रेताओं ने गैस के अभाव में लकड़ी जलाकर काम चलाना शुरू कर दिया है। यदि जल्द ही गैस की आपूर्ति सुचारू नहीं की गई, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि गैस आपूर्ति को नियमित किया जाए और उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध करवाया जाए, ताकि उन्हें इस परेशानी से राहत मिल सके।

### रिंग रोड सर्विस लेन की मांग को लेकर किसानों का धरना जारी

**करनाल।** गांव शेखपुरा-सोहाना के पास रिंग रोड पर सर्विस लेन निर्माण की मांग को लेकर किसानों का धरना 45वें दिन में प्रवेश कर गया। धरनास्थल पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन ने की तथा संचालन जिला महासचिव सुरेंद्र बेनीवाल ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आंदोलन को और मजबूत किया जाएगा। इसके तहत ब्लॉकवार ड्यूटी निर्धारित की गई। सुरेंद्र सिंह घुम्मन ने कहा कि प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है और जब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में राजेंद्र राणा, कुलदीप राणा, डॉ. सत्यवीर तोमर, जोगिंदर झीडा, रणजीत जलमाना, अमरजीत, सरदार बलविंदर सिंह, भीम सिंह, राज कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### गोदाम से नगदी व सामान चोरी

**पानीपत।** पानीपत की बरसत रोड पर बने कपड़े के गोदाम के ताले तोड कर चोरों ने अंदर रखी एक लाख रुपये की नगदी, बैटरी और इन्वर्टर चोरी कर ले गए। वहीं, चोर, अपनी पहचान छुपाने के लिए गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीएआर बॉक्स भी साथ ले गए। इधर, पीड़ित व्यापारी अक्षय निवासी काठ मंडी, सोनीपत की शिकायत पर थाना तहसील कैंप पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। वहीं एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल जांचा। इधर, पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर, पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से चोरों की तलाश कर रही है।

### युवती के बैग से ढाई लाख की चेन चोरी

**पानीपत।** पानीपत की सनौली रोड पर बस के इंतजार में खडी शिवानी निवासी गांव सेमरी जिला मैनपुरी, उत्तर प्रदेश हाल निवासी विद्यानंद कॉलोनी, पानीपत के बैग से डेढ तोला करीब ढाई लाख रुपये कीमत की सोने से बनी चेन चोरी कर ली। इधर, शिवानी की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने अज्ञात चोर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस, वारदात स्थल के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की सहायत से चोर की तलाश कर रही है।

### पत्नी व बच्चों को घर से निकाला

**पानीपत।** पानीपत के बाल जाटान निवासी मनोज ने अपनी पत्नी सीमा व बच्चों को मारपीट कर घर से निकाल दिया और दूसरी महिला के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगा। वहीं मनोज ने लिव इन रिलेशनशिप का प्रमाण पत्र बनवा लिया। वहीं, सीमा अपने मायके गांव मुंडलाना जिला सोनीपत में निवास कर रही है। पति मनोज के जुल्मों के चलते सीमा मानसिक रूप से परेशान है और उसका पीजीआई रोहतक में उपचार चल रहा है। दूसरी ओर, सीमा की शिकायत पर महिला थाना गोहाना ने केस दर्ज कर जांच की। जांच में मनोज दोषी पाया गया।

### हादसे में घायल व्यक्ति की मौत

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड पर शनिवार सुबह घने कोहरे और धुंध के कारण हुए भीषण सड़क हादसे ने घायल हुए जोगिंद्र पाल निवास मंडी गोविंद्रपुर, पंजाब की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। दूसरी ओर, अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने जोगिंद्र के शव की जांच की और पंचनामा भर पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए। इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि जोगिंद्र पाल अपनी कार में परिवार के सदस्यों के साथ पंजाब से वृंदावन दर्शन के लिए जा रहे थे। शनिवार सुबह करीब आठ बजे जब उनकी गाड़ी पानीपत में घनी धुंध के कारण आगे चल रहे वाहनों से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में जोगिंद्र के परिजन दामूनी, कोमल, पराबदीप, ज्योति, गुरनायत, गुरसाज, नायसा आदि घायल हुए थे।

### पुलिस ने कट्टे के साथ आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने रिसालू रोड से हुडा सेक्टर 29 में जाने वाली सड़क पर हुसैन पुत्र अकबर निवासी इब्राहिमपुरा सहारनपुर यूपी को अवैध देशी पिस्तोल सहित गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि आरोपी हुसैन के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पुलिस ने विक्रम की हत्या का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने खटीक बस्ती में वेस्ट कारोबारी विक्रम हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपी खटीक बस्ती निवासी विजय उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया है। थानेदार फूल कुमार ने बताया कि विक्रम हत्याकांड में दो नाबालिक सहित छह आरोपियों गिरफ्तार किए जा चुके है। विक्रम की हत्या के केस में फरार आरोपियों के बारे में जानकारी लेने के लिए विजय उर्फ बिट्टू को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

## जयमल-फत्ते की वीरता के साथ रत्नावली युवा सांग महोत्सव का समापन

# आर्य कॉलेज ने सांग विधा को नया जीवन दियाः प्रो.ऋषिपाल

**विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक और वीर रस से परिपूर्ण सांग 'जयमल-फत्ते' का मंचन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में सांस्कृतिक महाकुंभ 11वें रत्नावली युवा सांग महोत्सव का रविवार को भावपूर्ण समापन हुआ। महोत्सव के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष व बीआर जनता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. ऋषिपाल ने शिरकत करते हुए कहा कि आर्य कॉलेज ने युवा सांग महोत्सव का आयोजन कर सांग विधा को नया जीवन दिया है।

वहीं, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की रत्नावली परंपरा को यदि किसी कॉलेज ने सही मायने में आत्मसात किया है, तो वह आर्य कॉलेज है। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणवी परंपराओं के ध्वजवाहक अशोक गुड्डू उपस्थित रहे। इधर, महोत्सव के अंतिम दिन आर्य कॉलेज के ही प्रतिभावान विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक और वीर रस से परिपूर्ण सांग 'जयमल-फत्ते' का मंचन किया। कलाकारों ने चित्तौड़गढ़ की रक्षा के लिए जयमल और फत्ते के बलिदान की गाथा को इतनी ओजस्वी वाणी में प्रस्तुत किया कि पूरा सभागार जय हरियाणा के नारों से गूंज उठा। पानीपत शहर और आस-पास के गांवों से आए सैकड़ों बुजुर्गों और युवाओं ने नगाड़े की हर चोट पर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन द्वारा लोक संस्कृति के सच्चे संरक्षकों, लाखू बुआना के बुजुर्ग भीम सिंह मलिक, माम चंद मतरौली आदि का पगड़ी पहना कर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

वहीं, प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि बुजुर्ग हमारी संस्कृति की जड़ें हैं और उनका आशीर्वाद ही इस महोत्सव की सफलता का आधार है। इधर, सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभारी डॉ. रामनिवास ने मुख्य अतिथियों, मीडिया कर्मियों और विशेष रूप से दूर-दराज से आए दर्शकों का आभार व्यक्त किया। जबकि मंच संचालन डॉ. दिनेश गाहल्याण ने किया। इस अवसर पर कॉलेज की डॉ. विजय सिंह, डॉ. नीलू खालसा, अकरम खान, दीक्षा नंदा समेत समस्त स्टाफ और बडी संख्या में लोक-कला प्रेमी उपस्थित रहे।



पानीपत। आर्य कॉलेज में बुजुर्ग हो चले लोक कलाकारों को सम्मानित करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि



पानीपत। आर्य कॉलेज में जयमल-फत्ते का मंचन करते हुए आर्य कॉलेज के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



पानीपत। विधायक प्रमोद विज रक्तदाओं को बैज लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

# रक्तदान कर गैरों से भी बनाओ खून का रिश्ताः विधायक विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत में श्री भीम गोडा मंदिर में रविवार को रेडक्रॉस के सहयोग से श्री रामनवमी एवं मंदिर के संरक्षक स्व. वेद कमल की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 128 नागरिकों ने मानवता की सेवा के नारे को बुलंद करते हुए रक्तदान किया। कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक प्रमोद विज, पार्षद कमल अरोड़ा व हिमांशु बांगा ने दीप जला कर किया। वहीं, अतिथियों ने सभी रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौंसला बढ़ाया। मंच संचालन वेद बांगा, सागर और कैलाश ने किया। रक्तदान कर गैरों से भी खून का रिश्ता बनता है।

### ये बोले विधायक

विधायक प्रमोद विज ने रक्तदान का महत्व बताते हुए कहा कि जिस प्रकार सतयुग में ऋषि दधीचि ने अपनी अस्थियों का दान कर मानवता की रक्षा की थी उसी प्रकार आज के समय में सभी रक्तदाता भी भगवान का स्वरूप है। दान में मिले रक्त से रागियों व हादसों में घायल हुए लोगों की जान बचाई जाती है। इस अवसर पर जोगिंद्र कमल, सनातन धर्म संगठन के प्रधान कृष्ण रेवड़ी, रमेश रेवड़ी, सुरेश नंदवानी, कृष्ण चावला, मदद बैंक से विक्की बतरा, कृष्ण वधवा, पंकज आहुजा, रिक्की शर्मा, दीपक कालड़ा, देवेन्द्र, बलराज मेंहदीरत्ता, ओमप्रकाश, चूनी लाल , सोहन लाल रेवड़ी, चरणदास, ईश जुनेजा, चुन्नी लाल, मिंटू, मुरारी, प्रेम, चिमन, बाल किशन, जीत लाल, संजय, जितेंद्र, पवन, विजय, गुरमीत, दीपक आदि उपस्थित रहे।

# पानी का दुरूपयोग करना पाप : डॉ. किरण

- पानीपत के हर घर में होगी स्वच्छ जल की आपूर्ति, सुजल ग्राम संवाद आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जल जीवन मिशन केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन में बदलाव का संकल्प है। हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह बात जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण ने रविवार को आयोजित सुजल ग्राम संवाद कार्यक्रम के दौरान कही। वहीं, जल जीवन मिशन के अंतर्गत आयोजित यह सुजल ग्राम संवाद कार्यक्रम का पांचवां संस्करण था, जिसे ऑनलाइन माध्यम से जिले के विभिन्न खंडों की चयनित पंचायतों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल, जल संरक्षण और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति जागरूक करना रहा। इधर, इस कार्यक्रम का आयोजन खंड पानीपत के काबड़ी व शिमला मौलाना, खंड मडलौडा के मडलौडा व मोहिदिनपुर थिराना, इसराना के पुठर व कैथ, खंड समालखा के पावटी व जौरासी खालसा तथा खंड बापौली के बेहरामपुर व जलमाना गांवों में किया गया। इधर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने शिमला मौलाना गांव से कार्यक्रम में भाग लिया।



पानीपत। जिला परिषद की सीईओ डॉ. किरण, सुजल ग्राम संवाद कार्यक्रम में संबोधन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जमीनी स्तर पर आने वाली समस्याओं पर चर्चा की

इस दौरान संबंधित पंचायतों के सरपंच, ग्राम सचिव एवं अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे और उन्होंने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान जल जीवन मिशन की प्रगति, क्रियान्वयन की स्थिति और जमीनी स्तर पर आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही ग्रामीणों को जल संरक्षण, पानी के सही उपयोग और पाइपलाइन की देख रेख के प्रति जागरूक किया गया। सीईओ डॉ. किरण ने पंचायत प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे जनभागीदारी को बढ़ाते हुए इस मिशन को सफल बनाएं और गांव-गांव में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाएं। स्मरणीय है कि सुजल ग्राम संवाद के माध्यम से जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझने और उनके समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने का संदेश दिया।

# युवाओं को आगे बढ़ने का हौसला देता है खेलः विरेंद्र



पानीपत। डीआर कार्पोरेट टूर्नामेंट में बजाना कलां टीम को पुरस्कृत करते हुए विरेंद्र कादयान फोटो : हरिभूमि

- डीआर कार्पोरेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची बजाना कलां की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

डीआर इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट मैदान गांव काकोदा जिला पानीपत में रविवार को 12वें डीआर कार्पोरेट टूर्नामेंट के अंतर्गत खेले गए अंतिम लीग मैच में बजाना कलां टीम ने गढ़ी केसरी क्रिकेट टीम को 29 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, बल्लेबाजी करते हुए बजाना टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 165 रन बनाए, विजय राणा ने 47 रन व अंकित श्योराण ने 31 रन बनाए। जबकि गढ़ी केसरी टीम 136 रन पर ऑल आउट हो गई। जबकि विजय राणा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरी ओर, अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विरेंद्र कादयान ने पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा की खेल युवाओं का आगे बढ़ने का हौंसला देता है। इस अवसर पर दीपक मलिक, सुनील खोखर, धर्मेंद्र कादयान, आनंद मलिक, विजय त्यागी, मनोज पांचाल, अमित, सुमित खोखर आदि मौजूद रहे।

# सद्भावना का संदेश देता है साहित्यः डॉ. सतवीर सिंह



पानीपत। आईबी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** आईबी कॉलेज के विद्यार्थियों ने शाहाबाद मारकंडा कॉलेज, शाहाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि साहित्य जहां सद्भावना का संदेश देता है। वहीं, इस नवीन शिक्षा पद्धति में शिक्षा के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताओं में भी भाग लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रतिभा प्रत्येक विद्यार्थी में होती है और प्राध्यापकों का उद्धेश्य उसे समय-समय पर उकरते रहने की है। महाविद्यालय में समय-समय पर अनेक रचनात्मक कार्य होते रहते हैं जिसके माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। वहीं, राज्य स्तरीय कविता पाठ में चांदनी, मुस्कान, विनय ने भाग लिया एवं अपनी उम्दा प्रतिभा का परिचय दिया। जबकि छात्र ऋषभ तिवारी ने अपनी कविता 'सुंदरता अभिशाप या वरदान' में अपनी अद्भुत प्रतिभा का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई व साधुवाद दिया ।

# भाजपा की रीढ़ है कार्यकर्ताः मेघवाल

- केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम का पानीपत में जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ? पानीपत

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का दिल्ली से कुरुक्षेत्र जाते समय पानीपत के टोल प्लाजा पर भाजपा काबड़ी मंडल के सचिव सुनील प्रजापति ने अपनी टीम के साथ जोरदार स्वागत किया।

यहां भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ है, कार्यकर्ताओं के बल पर ही भाजपा विश्व का सबसे बडा राजनीतिक पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं का पूरा मान सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में जहां भारत तेजी से तरक्की कर रहा है।

वहीं नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकसित राज्य बनने की राह पर है। इस अवसर पर पालू प्रजापत, महेश प्रजापत, रामकरण प्रजापत, रामफल प्रजापत, अनुज जैन, सोनू खजुरिया, मोनू प्रजापत, नरेंद्र प्रजापत, बबलू शर्मा, रमन शर्मा, मनोज शर्मा, निशांत कुमार, राजू प्रजापत, हरीश ठकराल व नीरज चौहान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का स्वागत करते सुनील प्रजापत व अन्य।

# अयोध्या को विशेष ट्रेन जाएगीः डॉ. दहिया

**श्रद्धालुओं को श्री राम मंदिर के दर्शन करवाए जाएंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिला पानीपत से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 28 मार्च को अयोध्या में श्री राम मंदिर दर्शन के लिए स्पेशल ट्रेन रवाना होगी।

इस ट्रेन की तिथि में बदलाव किया गया है। पहले यह ट्रेन 26 मार्च को अंबाला से रवाना होनी थी। अब मुख्यमंत्री नायब सिंह 28 मार्च को इसे अंबाला स्टेशन से झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्रद्धालु अपना रजिस्ट्रेशन 24 मार्च दोपहर 12:00 बजे तक पोर्टल पर करवा सकते हैं। पानीपत से भी इस ट्रेन में श्रद्धालु यात्रा के लिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या और भारत के अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा करने में सक्षम बनाना है। इस योजना का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि यात्रा संबंधी बाधाएं और स्थानीय व्यवस्थाएं वरिष्ठ नागरिकों की यात्रा में रुकावट न बनें।

### जल संरक्षण करें नागरिक

**पानीपत।** विश्व जल दिवस के अवसर पर जिला उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। हमें जल को केवल उपयोग की वस्तु नहीं, बल्कि धरोहर के रूप में देखना होगा। बिना जल के न तो मानव जीवन संभव है और न ही कृषि, उद्योग और पर्यावरण का संतुलन।

उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या, अनियंत्रित जल दोहन और घटते जल स्त्रोत आने वाले समय के लिए गंभीर खतरे का संकेत दे रहे हैं। वहीं, जल की हर बूंद अमूल्य है। यदि आज हमने जल संरक्षण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाली पीढ़ियों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

## श्री हनुमान जयंती पर पूरा शहर बाबा के भजनों व जयकारों से गूंजायमान होगा

# श्री हनुमंत अवध धाम शोभायात्रा ऐतिहासिक होगीः वेद

**श्री अवध धाम हनुमंत जन्मोत्सव समिति ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को न्योता दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

श्री अवध धाम हनुमंत जन्मोत्सव समिति व श्री अवध धाम सेवा समिति ने श्री देवी मंदिर से अवध धाम मंदिर कुटानी रोड तक जाने वाली श्री हनुमंत अवध धाम शोभायात्रा के लिए संपर्क तेज कर दिया है। वहीं, वेद पाराशर ने गुजरात के गवर्नर आचार्य देवव्रत से कुरूक्षेत्र में मुलाकात की और उन्हें श्री अवध धाम हनुमंत जन्मोत्सव शोभायात्रा में शामिल होने का न्योता दिया।

दूसरी ओर, वेद पाराशर के नेतृत्व में श्री अवध धाम हनुमंत जन्मोत्सव शोभायात्रा का पानीपत में योजनाबद्ध तरीके से प्रचार प्रसार कर धार्मिक संस्थाओं व नागरिकों को न्योता दिया जा रहा है। सभी ने शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर शामिल होने का आश्वान दिया है। इधर, वेद ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के लिए नगर में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। शोभायात्रा में 51 फीट के ध्वज पर 51 हजार लोग अपनी मन्नत का धागा बांधकर अपने मनोरथ पूर्ण करेंगे।

पानीपत में दूसरी बार हनुमानगढ़ी के हनुमान का रथ खींचने के लिए लाखों लोग देवी मंदिर के अंदर इस यात्रा में भाग लेंगे। श्री हनुमान जयंती पर दो अप्रैल को पूरा शहर बाबा के भजनों व जयकारों से गूंजायमान होगा। इस अवसर पर वेद पाराशर, रविंद्र सैनी, सुभाष नारंग, पप्पू जुनेजा, वीरेंद्र सिंगला, अश्विनी सरदाना, योगेश गोयल, सागर आनंद, मुकेश बास, राजपाल जैन, पार्षद नवल जिंदल, पूर्व पार्षद सुरेंद्र गर्ग, प्रीतम गुर्जर समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



पानीपत। श्री अवध धाम हनुमंत जन्मोत्सव समिति के वेद पाराशर, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को न्योता देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### चेक बाउंस के केसों में तीन आरोपी भगौड़ा करार

**पानीपत।** पानीपत में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की कोर्ट ने चेक बाउंस के मामले में आरोपी मोहम्मद कासिम, प्रोप्राइटर एमके एंटरप्राइजेज, निवासी आगरा, उत्तर प्रदेश को भगौड़ा घोषित किया है। वहीं, थाना सिटी को कासिम पर नया केस दर्ज करने व दो अप्रैल को आरोपी की संपत्तियों की सूची व उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए है। अदालत ने चेक बाउंस के केस में आरोपी संदीप कुमार निवासी गांव कोटरा, जिला कैथल को भगौड़ा करार देते हुए थाना सिटी को संदीप पर केस दर्ज कर उसे काबू कर कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए है। कोर्ट ने लेबोरेट फार्मास्युटिकल बनाम श्रीकृष्ण मेडिकल एजेंसी के केस में आरोपी संजय को भगौड़ा करार देते हुए थाना सिटी को उस पर केस दर्ज कर उसे काबू कर कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए है।

